# म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल

**वेबसाइट : www.esb.mp.gov.in**

एनिमल हसबेंड्री एण्ड डेयरी टेक्नोलॉजी डिप्लोमा प्रवेश परीक्षा

(ADDET)-2026 (ऑनलाइन) प्रवेश परीक्षा

ऑनलाइन परीक्षा तिथि : 10.07.2026

परीक्षा परिणाम तिथि 06th अगस्त 2026

# मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल

## एनिमल हसबेंड्री एंड डेयरी टेक्नोलॉजी डिप्लोमा प्रवेश परीक्षा

## (A.D.D.E.T.)–2026 का परीक्षा परिणाम

कर्मचारी चयन मण्डल द्वारा दिनांक 10.07.2026 को आयोजित मध्य प्रदेश के 10 शहरों भोपाल, इंदौर, जबलपुर, खंडवा, नीमच, रतलाम, रीवा, सागर, सीधी एवं उज्जैन में पशुपालन एवं डेयरी प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा-2026 का आयोजन किया गया था। इस परीक्षा के माध्यम से नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के अंतर्गत मध्यप्रदेश के पशुपालन महाविद्यालयों/प्रशिक्षण संस्थानों में द्विवर्षीय पशुपालन पत्रोपाधि पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में प्रवेश दिया जायेगा। इस परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थियों की प्रमुख जानकारी एवं परीक्षा परिणाम के प्रमुख बिन्दु निम्नानुसार है:-

1. इस परीक्षा के माध्यम से नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के अंतर्गत मध्यप्रदेश के पशुपालन महाविद्यालयों/प्रशिक्षण संस्थानों में द्विवर्षीय पशुपालन डिप्लोमा पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में प्रवेश दिया जाएगा।
2. इस परीक्षा के लिए 9678 आवेदकों को प्रवेश पत्र जारी किए गए, जिनमें से 6472 अभ्यर्थी परीक्षा में उपस्थित हुए तथा 3206 अभ्यर्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे।
3. परीक्षा उपरांत मंडल द्वारा आदर्श उत्तर कुंजी वेबसाइट पर अपलोड कर अभ्यर्थियों से आपत्तियाँ आमंत्रित की गई थीं। प्राप्त आपतियों पर कुंजी समिति के निर्णय के उपरांत प्राप्तांकों के आधार पर परीक्षा परिणाम तैयार किया गया है।

6/8/26

4. ऑनलाइन आवेदन-पत्र में अभ्यर्थियों द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर नियमपुस्तिका के अनुसार परीक्षा परिणाम तैयार किया गया है। इसमें श्रेणीवार (अनारक्षित, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं EWS) एकीकृत प्रावीण्य सूचियाँ तैयार की गई हैं तथा समान अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों में जन्मतिथि के आधार पर आयु में वरिष्ठ अभ्यर्थी को वरीयता दी गई है।
5. यह परीक्षा परिणाम अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन-पत्र में दी गई जानकारी के आधार पर तैयार किया गया है। आवेदन-पत्र में दी गई सभी जानकारियों एवं मूल दस्तावेजों का सत्यापन/परीक्षण प्रवेश से पूर्व संबंधित विश्वविद्यालय/काउंसलिंग समिति द्वारा किया जाएगा। इसके उपरांत ही प्रवेश संबंधी कार्यवाही की जाएगी।
6. प्रवेश नियमों के अनुसार अभ्यर्थियों को काउंसलिंग प्रक्रिया के माध्यम से पात्रता अनुसार प्रवेश दिया जाएगा। काउंसलिंग कार्यक्रम की जानकारी नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी।
7. परीक्षा परिणाम जारी होने के उपरांत यदि कोई तकनीकी त्रुटि संज्ञान में आती है, तो परीक्षा परिणाम में आवश्यक सुधार करने का अधिकार कर्मचारी चयन मंडल के पास सुरक्षित रहेगा।
8. परीक्षा परिणाम ESB की वेबसाइट www.esb.mp.gov.in पर उपलब्ध है, जहाँ से अभ्यर्थी अपना परीक्षा परिणाम डाउनलोड/प्रिंट कर सकते हैं।

भोपाल
दिनांक : 06th अगस्त, 2026

नियंत्रक
कर्मचारी चयन मंडल, भोपाल